T.T. LIMITED
(CIN: L18101DL1978PLC009241)
Poddar House, 71/2C, 2nd Floor, Rama Road, Moti Nagar, New Delhi - 110015
0091 11 45060708 | 1800 1035 681 | newdelhi@ttlimited.co.in | www.ttlimited.co.in

August 09, 2026

Listing Department, **National Stock Exchange of India Limited,** **Exchange plaza,** **Bandra-Kurla Complex, Bandra (E),** **Mumbai–400051**	**The General Manager,** **Department of Corporate Services,** **BSE Limited,** **Phiroze Jeejeebhoy Towers,** **Dalal Street, Mumbai – 400001**
Scrip Code: TTL	**Scrip Code: 514142**

Subject: Submission of News Paper publication:

Ref: Pursuant Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015:

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 and other applicable provisions of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations"), Please find enclosed the newspaper publication of financial result as required under the said regulation.

We request you to kindly take it on the record.

Thanking You,
Yours Sincerely

For TT Limited

Shivam Sharma Digitally signed by Shivam Sharma Date: 2026.08.09 15:11:21 +05'30'

Shivam Sharmat
Company Secretary

MSME business confidence declines for fourth straight quarter

NEW DELHI : (AGENCY)

Business confidence among India's micro, small and medium enterprises (MSMEs) declined for the fourth consecutive quarter in April-June 2026, as cost pressures and demand concerns weighed on sentiment, according to the latest MSME Outlook Survey by the Small Industries Development Bank of India (SIDBI). WorldNews Section

The MSME Business Confidence Index (M-BCI), which measures current business conditions, moderated to 59.3 in April-June 2026 from 59.8 in the previous quarter. The index has declined steadily from 63.8 in April-June 2025 to 61.6 in July-September, 60.8 in October-December and 59.8 in January-March 2026.

The report said the latest reading indicated "cautious optimism amid cost pressure and demand concerns." It, however, noted that the index continued to remain above the expansion threshold across manufacturing, trading and services, indicating resilience among MSMEs. An index reading above 50 indicates expansion in business conditions, while a reading below 50 signals contraction. SIDBI's quarterly survey is based on responses from around 1,200 MSMEs across manufacturing, trading and services. The moderation was visible across all three sectors. Manufacturing business confidence declined to 59.5 from 60.1 in the previous quarter, while trading slipped to 56.5 from 57.2. Services confidence also edged lower to 60.4 from 60.8. Sales and profitability emerged as key pressure points during the quarter. "Sales sentiment softened across MSME sectors in Round 7 (Apr-Jun 2026), with a marginal decline in optimistic responses," the SIDBI report said. It added that the share of pessimistic responses increased for manufacturing and services enterprises compared with the previous round, while it declined for trading firms. Profit margins also remained under pressure. Only 21 per cent of manufacturing, 20 per cent of trading and 22 per cent of services enterprises reported an improvement in net profit margins, while 20-30 per cent reported a decline. A majority of firms, however, reported no significant change in margins. Skilled labour availability remained another challenge, with around 20 per cent of respondents in manufacturing and services reporting deterioration. Financing conditions were comparatively stable, with firms reporting broadly steady access to working capital finance. Despite the moderation in current confidence, MSMEs remained positive about the coming quarters. The MSME Business Expectations Index (M-BEI) stood at 60.1 for July-September 2026 and 61.2 for April-June 2027. "Future outlook remains positive," the report said, adding that the readings signal "sustained optimism about business prospects." Manufacturing expectations were particularly strong, with its expectations.

Range Rover SV Ultra : The ultimate expression of Range Rover luxury in India

MUMBAI : OPEN SEARCH

Range Rover introduces Range Rover SV Ultra, the pinnacle of Range Rover luxury and distinction. Combining elevated finishes with world-first audio technology, SV Ultra is the most luxurious and technologically advanced Range Rover ever created. The array of immersive audio technologies in Range Rover SV Ultra now includes revolutionary SV Electrostatic Sound, which turns the cabin into a concert hall, alongside Body and Soul Seats (BASS) and Sensory Haptic Floor.SV Electrostatic Sound is the world's first application of electrostatic audio technology in a vehicle.



The Electrostatic Sound system features 21 lightweight thin-film transducers to create a personal auditorium for each seat. The 21 electrostatic panels are integrated within redesigned winged headrests, seatbacks and existing speaker locations – including those in the headlining – delivering a consistent flow of audio, a seamless frequency range and coherent, uncoloured clarity of sound. The electrostatic speakers are supported by five existing bass loudspeakers plus Body and Soul Seats to provide unrivalled bass support.

Bandhan Contra Fund Aims to Tap Opportunities Beyond Market Sentiment

PANAJI : OPEN SEARCH

Bandhan Mutual Fund today announced the launch of the Bandhan Contra Fund, an open-ended equity scheme following a contrarian investment strategy. The fund seeks to identify fundamentally strong businesses that may be temporarily out of favour due to sector-wide concerns, cyclical challenges, macroeconomic uncertainties or prevailing market sentiment, with the potential for re-rating as perceptions and fundamentals improve over time. The New Fund Offer (NFO) opens on Monday, August 10 and closes on Monday, August 24. Investments in Bandhan Contra Fund can be made through licensed mutual fund distributors, online platforms and directly at https:/bandhanmutual.com/nfo/bandhan-contra-fund. Commenting on the launch, Vishal Kapoor, CEO, Bandhan AMC said, "The launch of Bandhan Contra Fund comes at a time when valuation spread across sectors has widened considerably, creating opportunities for selective contrarian investing. Several sectors and companies continue to trade below their long-term potential despite possessing sound business models, improving earnings visibility and strengthening balance sheets. Such sectoral divergence can provide fertile ground.

RBI Governor calls UPI merchant charges proposal 'very premature', says 'someone has to pay'

NEW DELHI : (AGENCY)



Reserve Bank of India (RBI) Governor Sanjay Malhotra said on Wednesday that it was 'very premature' to make remark on the government's proposed changes with regard to merchant charges on digital payments, while emphasizing that maintaining and growing India's digital payments framework comes at a price that 'someone has to pay.' Malhotra responded to a question about reports that the government might permit Merchant Discount Rate (MDR) on specific UPI transactions, such as those involving large retailers or those exceeding a specific value, by stating that the centre was presently working on the proposed amendment and refused to comment on its potential details. "It is very premature. The government is still implementing the change as of right now," said Malhotra, adding that continuous investment is necessary to keep India's digital payments infrastructure strong and effective. "Someone must cover the expenses. Everyone wants this public infrastructure to keep getting stronger, perhaps even more effective. We still do that. Right now, that's our main priority. Let's wait and see if this develops further," he stated. Malhotra went on to explain that unless the government's legislative process moves forward, he had nothing more to say. When asked if any fees charged to retailers will eventually be passed on to customers, the governor responded that the cost of running the system for digital payments is already being absorbed somewhere in the economy. "In the end, the consumer is already paying for it in one way or another. It might not be the same customer. You don't get to see it immediately, but it might be the overall economy," he stated. Malhotra clarified his previous statements that someone has to pay for the payments infrastructure by stating that the costs are lready being covered, albeit not always by direct user fees. "Someone is covering the expense even if it might not be directly related to the user pays principle. I meant this. The expense will need to be covered by someone. He remarked, "I mentioned this earlier and I'm saying it again today. He added that maintaining investment in the country's digital payments infrastructure should continue to be the top priority. The government has proposed changes to the Payment and Settlement Systems Act. that could set the path for MDR on certain UPI transactions, with payments above Rs 2,000 made to large merchants emerging as a potential focus. Finance Minister Nirmala Sitharaman introduced the Payment.

Briefs News

Latest SECI RTC renewable energy bid discovers tariff of Rs 5.25/unit

NEW DELHI : (AGENCY) The latest round-the-clock (RTC) renewable energy bid conducted by the Solar Energy Corporation of India (SECI) has discovered a competitive tariff of Rs 5.25 per unit, reflecting the increasing cost competitiveness of renewable energy backed by integrated solar, wind and storage technologies, Secretary, Ministry of New and Renewable Energy (MNRE), Santosh Sarangi, said on Friday. Addressing the 7th CII International Energy Conference and Exhibition (IECE) in New Delhi, Sarangi said the government had expected the tariff to be higher but competitive bidding by developers resulted in a lower price. "We expected the price to be very high, but thanks to the competitive spirit among our developers, we discovered a rate of Rs 5.25 per unit for RE RTC," he said. The latest RTC renewable energy bid provides for 90 per cent assured power availability in every time block .

Higher onion, edible oil, LPG prices push up home-cooked thali costs : Crisil

NEW DELHI : (AGENCY) Higher onion, vegetable oil and LPG prices pushed up the cost of a home-cooked vegetarian thali by 4 per cent year-on-year in July, while the cost of a non-vegetarian thali rose 9 per cent as higher broiler prices added to the increase, according to Crisil Intelligence's monthly Roti Rice Rate report. The report said elevated prices of onion, vegetable oil and cooking gas increased the cost of preparing both vegetarian and non-vegetarian meals at home, although lower potato and tomato prices helped partly offset the rise. Onion prices increased 20 per cent from a year ago as higher-priced stored rabi stocks entered the market. The report said unseasonal rainfall and hailstorms in Maharashtra during March and April damaged the late-season crop and stored inventories.
, tightening supplies. Vegetable oil and LPG cylinder prices rose 11 per cent and 10 per cent, respectively, on-year, primarily due to supply disruptions and elevated energy prices arising from the ongoing West Asia conflict. At the same time, potato prices declined 12 per cent on-year following a 2-3 per cent increase in rabi production supported by higher acreage.
, while tomato prices eased 2 per cent as delayed summer crop.

SBI expects deposit growth uptake in Q2 driven by FCNR(B) : Setty

NEW DELHI : (AGENCY)

State Bank of India Chairman, Challa Sreenivasulu Setty, said that the bank expects its deposit growth to record an uptake in the second quarter of the current financial year on the back of FCNR(B) deposits, while maintaining a full-year deposit growth target of 10-11 per cent. WorldNews Section Speaking at the post-quarterly result press conference on Friday, Setty stated that the country's largest lender possesses sufficient balance sheet liquidity to support its planned credit expansion without funding bottlenecks. "Deposit growth, I think there would be some uptake because of the FCNR(B) in Q2, but overall we should be in the double-digit 10 to 11 per cent deposit growth," Setty said.

Outlining the credit trajectory for the current fiscal year, Setty projected advances growth in the range of 14 to 15 per cent, linking the bank's targets directly to the nation's GDP estimates. "We always align the credit growth, at least in our guidance, to nominal GDP. If we go by the GDP estimates and our own internal house view is that nominal GDP would be around 12 per cent, which means that 2 to 3 per cent over that nominal GDP has always been our guidance," Setty said. So our guidance for the current year is 14 to 15 per cent credit growth," he added. Regarding margins, Setty confirmed that the bank maintained its earlier margin targets for the entire fiscal year. "And the profitability, as I mentioned in my speech also, I think broadly we are sticking to our guidance of 3 per cent NIM for the full year," Setty said. The targets came on the back of SBI reporting a 10.23 per cent year-on-year rise in net profit to Rs 21,121 crore for the first quarter of FY2026-27, supported by strong growth in net interest income and advances, along with improvement in asset quality. The public sector lender had reported a net profit of Rs 19,160 crore in the corresponding quarter of the previous financial year. Sequentially, profit rose 7.30 per cent from Rs 19,684 crore in the March quarter. Net Interest Income (NII), the difference between interest earned and interest paid by a bank, increased 14.88 per cent year-on-year to Rs 46,992 crore during the quarter from Rs 40,907 crore a year earlier. Operating profit grew 9.77 per cent to Rs 33,529 crore. SBI's domestic net interest margin (NIM) stood at 3 per cent in Q1 FY27, improving by 7 basis points from 2.93 per cent in the preceding quarter. However, it was marginally lower than 3.01 per cent recorded in the year-ago period. The bank continued to record strong credit growth, with gross advances rising 18.63 per cent year-on-year to Rs 50.47 lakh crore as of June 2026. Domestic advances grew 18.15 per cent, while corporate advances increased 18.05 per cent.

"We always align the credit growth, at least in our guidance, to nominal GDP. If we go by the GDP estimates and our own internal house view is that nominal GDP would be around 12 per cent

Akasa Air launches Akasa Elevate, its loyalty programme on fourth anniversary

PANAJI : OPEN SEARCH

Akasa Air, India's fastest-growing airline, today launched Akasa Elevate, its loyalty programme designed to make every journey more rewarding. Built around what matters most to its customers, Akasa Elevate enables members to earn Elevate Points on eligible flights and ancillary products & services, unlock exclusive benefits through fast and easy tier progression, and enjoy India's most rewarding way to fly. Since taking to the skies in August 2022, Akasa Air has achieved several industry-defining milestones, serving nearly 30 million passengers and becoming the fastest-growing airline in Indian aviation history, as well as the first in India to induct more than 40 aircraft in such a short period. These achievements underscore the resilience of Akasa's business model and its unwavering focus on customer-led innovation and sustainable growth. At the core of Akasa Air's growth journey is a rapidly expanding base of loyal and repeat customers whose trust, feedback and evolving travel preferences have helped shape the Akasa Experience. Akasa Elevate is designed to reward customer loyalty with greater value, personalised recognition and enhanced travel benefits, while building on the warm and dependable service that customers have come to expect from Akasa Air. Speaking on the occasion, Vinay Dube, Founder and Chief Executive Officer, Akasa Air said, "As we celebrate four years of Akasa Air, we do so with immense gratitude to the millions of customers who have chosen to fly with us. Their trust and loyalty have been central to our journey and have inspired us to continually enhance the Akasa experience.

Google's $15 billion data centre project in India faces environmental challenges

NEW DELHI. (AGENCY)

Google's proposed USD 15 billion data center hub in India in increasingly facing objections from environmental groups due to concerns about wildlife and water resources, which could make the tech giant's largest-ever investment in the nation more difficult. As part of the project, the large portions of a hillside in Andhra Pradesh have already been scrapped and altered for construction. According to the state government, the initiative will be historic and revolutionary for the area. Environmental organizations, meanwhile, are worried about the project's possible effects on nearby water supplies and its close vicinity to the Kambalakonda Wildlife Sanctuary, which is home to pangolins and leopards. In recent weeks, the opposition has grown stronger, with children and activists participating in protests in Visakhapatnam.

T T LIMITED

(CIN NO.-L18101DL1978PLC009241)
Regd. Office: 71/2C, 2nd Floor, Poddar House, Rama Road, Moti Nagar, New Delhi-110015
Website: www.ttlimited.co.in; Email: newdelhi@ttlimited.co.in; TEL: +91-11-45060708

HiFlyers Garments

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS
FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2026

(Rs. in Lakhs)

S. NO.	PARTICULARS	30.06.2026 UNAUDITED	31.03.2026 AUDITED	30.06.2025 UNAUDITED	31.03.2026 AUDITED
1	Total Income	4,644.44	5,772.27	4,826.59	19,400.14
2	Net Profit/(Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items)	25.90	105.55	44.66	350.59
3	Exceptional items	-	-	-	-
4	Net Profit/(Loss) for the period Before Tax (After Exceptional and/or Extraordinary Items)	25.90	105.55	44.66	350.59
5	Net Profit/(Loss) for the period After Tax (After Exceptional and/or Extraordinary Items)	65.62	68.70	42.72	29.09
6	Total Comprehensive Income for the period [(Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income(after tax)]	69.74	116.28	34.83	41.82
7	Equity Share Capital	2,583.11	2,583.11	2,249.81	2,583.11
8	Reserves as shown in the Audited Balance Sheet of Previous Year)	-		-	9,927.97
9	Earnings Per Equity Share Face Value (Rs)	1.00	1.00	1.00	1.00
	Basic (Rs)	0.03	0.03	0.02	0.01
	Diluted (Rs)	0.03	0.03	0.02	0.01

Notes:

1 The above is an extract of the detailed format of standalone Unaudited Financial Results for the quarter ended June 30, 2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the aforesaid quaterly Result is available on the website of BSE (www.bseindia.com), NSE (www.nseindia.com) and on the Company's website: www.ttlimited.co.in

2 The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective Meetings held on Aug 06, 2026. The Statutory Auditors have carried out a limited review of the results for the quarter ended June 30, 2026.

PLACE: NEW DELHI
Date : 06/08/2026

FOR T T LIMITED
Sd/-
SANJAY KUMAR JAIN
MANAGING DIRECTOR
(DIN: 01736303)

लखनऊ के आशियाना में कार के अंदर मिली फाइनेंस कर्मी की लाश, सड़क किनारे खड़ी थी

लखनऊ (एजेंसी) आशियाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक कार के अंदर युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान ज्ञानेंद्र सिंह (36) के रूप में हुई है, जो रायबरेली जिले के बरहा, थाना कोतवाली के रहने वाले थे। वह पिछले कुछ दिनों से आशियाना के बंगला बाजार इलाके में पत्नी प्रियंका और साढ़े तीन वर्ष की बेटी के साथ रह रहे थे। परिजनों के अनुसार, ज्ञानेंद्र निजी क्षेत्र में लोन फाइनेंस का कार्य करते थे। उनका शव कार के भीतर मिलने की सूचना के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी का सपा पर हमला, कहा- वोट बैंक की राजनीति ने कारीगरों का सम्मान छीना

लखनऊ (एजेंसी)

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां स्वदेशी, हथकरघा और हस्तशिल्प उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार की उपलब्धियां गिनाई, वहीं समाजवादी पार्टी पर भी तीखा हमला बोला। सीएम योगी ने बिना नाम लिए अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले प्रदेश में विकास नहीं, बल्कि वोटबैंक और परिवारवाद की राजनीति होती थी।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 'बबुआ' देर से उठते थे, शाम तक महफिल सजती थी, ऐसे में प्रदेश के विकास की चिंता कैसे होती। लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 7 अगस्त केवल हथकरघा दिवस ही नहीं, बल्कि भारत के स्वाधीनता आंदोलन का भी ऐतिहासिक दिन है। वर्ष 1905 में इसी दिन स्वदेशी आंदोलन ने देश की



आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी थी। स्वदेशी ने उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक पूरे भारत को एक सूत्र में बांधकर स्वतंत्रता के संकल्प को मजबूत किया। सीएम योगी ने कहा कि हथकरघा प्रदेश की समृद्ध विरासत है। प्रदेश में लगभग ढाई लाख परिवार सीधे हथकरघा उद्योग से जुड़े हैं और पावरलूम को जोड़ लिया जाए तो करीब 30 लाख लोगों की आजीविका इस क्षेत्र पर निर्भर है। उन्होंने बताया कि सरकार ने हस्तशिल्पियों और बुनकरों के सम्मान एवं प्रोत्साहन के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। पिछले वर्ष 40 हजार हस्तशिल्पियों को 109 करोड़ रुपये की विद्युत सुविधा उपलब्ध कराई गई।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले भदोही का कालीन उद्योग लगभग मृतप्राय हो चुका था, लेकिन आज वहीं के कालीन वैश्विक बाजार में करोड़ों रुपये का निर्यात कर रहे हैं। नई संसद के लिए भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भदोही के कालीन को

7 अगस्त केवल हथकरघा दिवस ही नहीं, बल्कि भारत के स्वाधीनता आंदोलन का भी ऐतिहासिक दिन है। वर्ष 1905 में इसी दिन स्वदेशी आंदोलन ने देश की आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी थी : मुख्यमंत्री योगी

प्राथमिकता देने की बात कही थी। सरकार का प्रयास है कि देश का पैसा देश के कारीगरों पर खर्च हो, जिससे उनके जीवन में समृद्धि आए। अपने संबोधन में सीएम योगी ने बिना नाम लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, कुछ लोगों के साथ कुछ शब्द जीवनभर जुड़े रहते हैं। कुछ लोग जीवनभर 'बबुआ' ही बने रहते हैं। 12 बजे सोकर उठते थे, 2 बजे तक तैयार होते थे, 5 बजे जिम जाते थे और 7 बजे महफिल सज जाती थी। फिर प्रदेश के बारे में सोचने का समय कहां था। उन्होंने कहा कि इसी कारण पहले प्रदेश दंगों, लंबे कर्फ्यू, इंसेफेलाइटिस और डेंगू जैसी समस्याओं से जूझता था। सरकारी स्कूलों की स्थिति बदहाल थी, न पेयजल की व्यवस्था थी और न ही शौचालय। आज स्कूलों में बच्चों को बैग, पुस्तकें और अन्य सुविधाएं मिल रही हैं और प्रधानमंत्री के 'निपुण भारत' अभियान को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में बिजली, सड़क और कानून व्यवस्था की स्थिति खराब थी।

व्यापारी और बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय विकास के बजाय वोट बैंक की राजनीति होती थी, जिसका सबसे अधिक नुकसान गरीबों, कारीगरों और हस्तशिल्पियों को उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र में करीब 70 प्रतिशत महिलाएं कार्यरत हैं और सुरक्षित तथा बेहतर माहौल मिलने से उन्हें भी व्यापक लाभ मिला है।

ऊना दलित अत्याचार मामले में आरोपियों का बरी होना न्याय व्यवस्था पर सवाल, गुजरात सरकार हाईकोर्ट में करे सख्त पैरवी : मायावती

लखनऊ (एजेंसी)

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने गुजरात के गिर सोमनाथ जिले के ऊना में वर्ष 2016 के चर्चित दलित अत्याचार मामले में अधिकांश आरोपियों के बरी होने पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि पीड़ित दलित परिवारों को हाईकोर्ट में न्याय की लड़ाई लड़ने के लिए आर्थिक और कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य सरकार को तत्काल प्रभाव से हाईकोर्ट में प्रभावी पैरवी कर सभी दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए।

बसपा मुखिया मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा है कि गुजरात राज्य के ज़िला गिर सोमनाथ के ऊना में सन् 2016 में हुए दलितों पर जघन्य अन्याय-अत्याचार काण्ड के लगभग सभी अभियुक्तों को मार्च में स्थानीय कोर्ट द्वारा बरी करने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देकर न्याय पाने के लिए पीड़ित दलित परिवारों को वित्तीय आदि की भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी विचलित करने वाली कड़वी सच्चाई से ख़ासकर 'बहुजन समाज' के लोगों में भारी चिन्ता व्याप्त है। उन्होंने आगे लिखा कि इसको लेकर मेरी चिंता का विशेष कारण यह भी है कि इस कांड के पीड़ितों से मिलने मैं ख़ुद भी वहां गई थी और वहां सच्चाई का पूरा पता करने के बाद राज्य सरकार से सभी दोषियों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई करने की मांग की थी, किन्तु देश भर में इसके ख़िलाफ रोष व आक्रोश आदि होने के बावजूद 40 में से 35 आरोपियों के मार्च महीने में बरी हो जाने की ख़बर कुछ और नहीं बल्कि दलितों के प्रति सरकारी द्वेष, उनके हित व सुरक्षा के प्रति लापरवाही व उदासीनता आदि का ही परिणाम ज़्यादा लगता है। मायावती ने लिखा कि वैसे अभी भी मौक़ा है जब गुजरात सरकार अपनी इस ग़लती में सुधार करते हुए इस मामले की हाईकोर्ट में उचित पैरवी करके सभी दोषियों को सख़्त सज़ा दिलवाये ताकि पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके और दूसरों को सबक।

अवैध कमाई? पूर्व डीपीओ पर ईओयू का शिकंजा, सिवान से लेकर सहरसा तक रेड

दारौंदा/सिवान (एजेंसी)

आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने शुक्रवार को पूर्व जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अजीत अमर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। ईओयू की अलग-अलग टीमों ने सिवान, सहरसा और छपरा स्थित उनके चार ठिकानों पर एक साथ तलाशी शुरू की। इनमें दरौंदा थाना क्षेत्र के रैनी गांव स्थित उनका पैतृक/निजी मकान भी शामिल है। ईओयू की कार्रवाई की खबर मिलते ही रैनी गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। पूरे गांव में सुबह से ही तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। रैनी स्थित पैतृक मकान में तलाशी की कार्रवाई शुरू होने से पहले घर का ताला खोलने के लिए चाबी छपरा से मंगाई जा रही है। इसके लिए संबंधित कर्मी छपरा गए हैं। चाबी पहुंचने के बाद ईओयू की टीम मकान के अंदर तलाशी शुरू करेगी। टीम द्वारा

घर के दस्तावेज, संपत्ति से जुड़े कागजात और अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों की जांच की जाएगी। बिहार पुलिस मुख्यालय के आर्थिक अपराध प्रभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विश्वस्त सूत्रों से मिली सूचना के सत्यापन के बाद अजीत अमर के विरुद्ध ज्ञात आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का प्रथमदृष्टया साक्ष्य मिला है।

सत्यापन में 62 लाख 20 हजार 550 रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित किए जाने का साक्ष्य पाया गया है। यह राशि उनकी ज्ञात आय से करीब 72.35 प्रतिशत अधिक बताई गई है। मामले में आर्थिक अपराध इकाई थाना में कांड संख्या 17/26, दिनांक छह अगस्त 2026 दर्ज किया गया है। प्राथमिकी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(2) सहपठित धारा 13(1)(बी), यथासंशोधित 2018, के तहत दर्ज की गई है। इसके बाद विशेष न्यायालय निगरानी, उत्तर बिहार, मुजफ्फरपुर से तलाशी अधिपत्र प्राप्त कर शुक्रवार को कार्रवाई शुरू की गई। ईओयू के अनुसार, अजीत अमर के चार ठिकानों पर एक साथ तलाशी चल रही है। इनमें रैनी गांव स्थित पैतृक/निजी मकान, सहरसा नया बाजार स्थित किराये का आवास, सहरसा स्थित सरकारी कार्यालय कक्ष और छपरा गंडक कॉलोनी स्थित सरकारी आवास शामिल हैं। पुलिस उपाधीक्षक स्तर के पदाधिकारियों के नेतृत्व में गठित टीमें संपत्ति के कागजात, बैंकिंग एवं अन्य वित्तीय अभिलेखों की जांच कर रही हैं। तलाशी के दौरान किसी प्रकार की बरामदगी की आधिकारिक जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है।

फिरोजाबाद में पुलिस से मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, साथी भी गिरफ्तार

फिरोजाबाद (एजेंसी)

फिरोजाबाद पुलिस ने मोबाइल लूट की लगातार हो रही वारदातों का खुलासा करते हुए शुक्रवार तड़के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि उसके साथी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देश पर जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शिकोहाबाद पुलिस को सूचना मिली थी कि मोबाइल लूट की घटनाओं में वांछित दो बदमाश पुरातन रोड स्थित एक कोल्ड स्टोर के पास किसी नई वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी कर दी।

पुलिस को देखते ही दोनों आरोपी बाइक मोड़कर भागने लगे, लेकिन जल्दबाजी में उनकी मोटरसाइकिल फिसल गई। इसके बाद पुलिस ने उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा,

लेकिन आरोप है कि एक बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें ऋषि उर्फ कन्हई निवासी गिहार कॉलोनी, थाना भोगांव (मैनपुरी) के पैर में गोली लग गई। वहीं उसका साथी मनीष को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। घायल ऋषि को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा, पांच कारतूस, लूट में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, 7 हजार रुपए, एक मोबाइल फोन तथा विभिन्न घटनाओं से लूटे गए चार अन्य मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सीओ शिकोहाबाद शेखर सेंगर ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों का लंबा आपराधिक इतिहास है।

बिहार : आरा जिले में सर्व शिक्षा अभियान के अधिकारी समेत 3 लोगों पर हमला, घायल

आरा (एजेंसी)

बिहार के आरा जिले के मुफस्सिल पुलिस थाना क्षेत्र के रतनपुर ओवरब्रिज के पास हुए हमले में सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) से जुड़े तीन अधिकारी घायल हो गए। इनमें जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के अंतर्गत जिला कार्यक्रम प्रबंधक राहुल कुमार गुरुवार शाम दो अन्य कर्मचारियों के साथ एक वाहन में काम से लौट रहे थे, तभी एक अन्य कार सवार लोगों ने ओवरब्रिज के पास उन्हें रोक लिया। कार में सवार लोगों ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक किया और लाठियों और डंडों से उन पर हमला किया। हमलावरों ने अधिकारियों के वाहन को भी नुकसान पहुंचाया और फिर घटनास्थल से फरार हो गए। अचानक हुए इस हमले से इलाके में दहशत फैल गई। शोर सुनकर स्थानीय निवासी मौके पर

पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर भाग चुके थे। घायल अधिकारियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर और एक अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनका इलाज चल रहा है।

इस घटना के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी और अधिकारी मुफस्सिल पुलिस स्टेशन पर एकत्रित हुए और हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। घायल अधिकारियों के अनुसार, वे शाम 6 बजे के बाद कार्यालय से लौट रहे थे, तभी 6 से अधिक लोगों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हमलावरों का इरादा उन्हें जान से मारने का था। घटना के बाद जिला शिक्षा अधिकारी मानवेंद्र कुमार राय ने पुलिस स्टेशन का दौरा किया और पुष्टि की कि कार्यालय से लौटते समय जिला कार्यक्रम प्रबंधक और दो कर्मचारियों पर हमला किया गया था। उन्होंने कहा कि घायल अधिकारियों का इलाज चल रहा है और उन्होंने उम्मीद जताई कि आरोपियों की जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वैशाली के ग्रीन स्ट्रीट अपार्टमेंट में बंद फ्लैट में लगी आग, दमकल ने समय रहते पाया काबू

गाजियाबाद (एजेंसी)

गाजियाबाद के वैशाली सेक्टर-5 स्थित ग्रीन स्ट्रीट अपार्टमेंट में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक बंद फ्लैट में अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग तुरंत हरकत में आया और समय रहते आग पर काबू पाकर एक बड़े हादसे को टाल दिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और सभी निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अग्निशमन विभाग के अनुसार, 7 अगस्त को तड़के सुबह करीब 3:40 बजे कमिश्नरेट गाजियाबाद के नियंत्रण कक्ष को सूचना मिली कि प्लॉट नंबर-849, ग्रीन स्ट्रीट अपार्टमेंट, सेक्टर-5, वैशाली के एक फ्लैट में आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही मुख्य



अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) गाजियाबाद, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी वैशाली और दमकल विभाग की तीन फायर टेंडर तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किए गए।

दमकल कर्मियों के मौके पर पहुंचने पर पता चला कि आग अपार्टमेंट की दूसरी मंजिल पर स्थित एक बंद फ्लैट में लगी थी। फ्लैट बंद होने के कारण आग तेजी से फैल रही थी और भीतर से घना धुआं निकल रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकल कर्मियों ने बिना समय गंवाए फ्लैट के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और दो सीढ़ियों की मदद से होज लाइन बिछाकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग की लपटें काफी तेज थीं और पूरे फ्लैट में धुआं भर चुका था। इसी दौरान, दमकल टीम ने एहतियात के तौर पर अपार्टमेंट के अन्य फ्लैटों में मौजूद लोगों को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो। दमकल कर्मियों की तेज और पेशेवर कार्रवाई के चलते आग को कुछ ही समय में नियंत्रित कर लिया गया और उसे आसपास के फ्लैटों तक फैलने से पहले ही पूरी तरह बुझा दिया गया। फिलहाल, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक स्तर पर घटना में किसी के घायल होने या जान-माल के बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

'ब्राह्मणों के नाम पर वोट चाहिए, सत्ता सिर्फ परिवार के लिए', उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का सपा पर हमला

लखनऊ (एजेंसी)

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी के ब्राह्मण सम्मेलन और जनेश्वर मिश्र जयंती कार्यक्रम को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी ब्राह्मण समाज का सम्मान नहीं, बल्कि उसे केवल वोट बैंक के रूप में देखती है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा को ब्राह्मणों की याद केवल चुनाव के समय आती है, जबकि सत्ता मिलने पर पूरा लाभ सिर्फ एक परिवार तक सीमित रहता है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सपा आज भी अंग्रेजों की 'बांटो और राज करो' की नीति पर चल रही है। उन्होंने

कहा कि पार्टी को ब्राह्मण वोट के लिए छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की याद आती है, लेकिन राज करने के लिए केवल अपना परिवार दिखाई देता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ब्राह्मण वोट देकर सत्ता दिलाएं और उस सत्ता पर सपा अपने परिवार की 'खड़ाऊं' रखकर शासन करे, यही उसकी राजनीति बन गई है। जनेश्वर मिश्र की जयंती उनके समाजवादी विचारों और व्यक्तित्व को लोगों तक पहुंचाने का अवसर होनी चाहिए थी, लेकिन कार्यक्रम में उनके विचारों की चर्चा से ज्यादा राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और व्यक्तिगत हमले किए गए। इससे न केवल जनेश्वर मिश्र की विरासत का अपमान हुआ, बल्कि पूरे ब्राह्मण समाज की गरिमा भी आहत हुई। कुछ टिकट के दावेदारों की महत्वाकांक्षा के कारण पूरे ब्राह्मण समाज को

ब्रजेश पाठक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सपा आज भी अंग्रेजों की 'बांटो और राज करो' की नीति पर चल रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी को ब्राह्मण वोट के लिए छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की याद आती है, लेकिन राज करने के लिए केवल अपना परिवार दिखाई देता है

अपमानित करना उचित नहीं है। मुझे जितनी गालियां देनी हों दीजिए, लेकिन ब्राह्मण समाज की गरिमा को ठेस मत पहुंचाइए। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा समाजवादी पार्टी, डॉ. राममनोहर लोहिया और जनेश्वर मिश्र के समाजवादी आदर्शों और राजनीतिक संस्कारों से पूरी तरह भटक चुकी है। लोहिया संसद और विधानसभाओं को सार्थक बहस का मंच मानते थे और जनेश्वर मिश्र ने भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाया। दोनों नेताओं ने आंदोलनों का नेतृत्व किया, लेकिन सदन की कार्यवाही और लोकतांत्रिक संवाद को हमेशा प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि आज की सपा संसद और विधानसभा में जनहित के मुद्दों पर चर्चा के बजाय हंगामा और अवरोध की राजनीति कर रही है।

पटना में सड़क हादसे के बाद बवाल, उग्र भीड़ ने बस और पुलिस वाहन में लगाई आग

पटना (एजेंसी)

राजधानी पटना में NH-30 पर हुए सड़क हादसे के बाद जमकर हंगामा हुआ। पहाड़ी इलाके के पास तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह अगमकुआं थाना क्षेत्र के जीरो माइल के पास तेज रफ्तार हाईवा ने एक युवक को टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना से नाराज लोगों ने सड़क जाम कर दिया और वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। प्रदर्शन के दौरान स्थिति अचानक बिगड़ गई। आक्रोशित भीड़ ने एक निजी बस में आग लगा दी। आग की सूचना पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन भीड़ ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी को आगे बढ़ने से रोक दिया। बताया गया कि बस करीब एक घंटे तक जलती रही। इसके बाद उपद्रव और बढ़ गया। भीड़ ने दुर्घटनाग्रस्त बस के अलावा एक पुलिस वाहन, मोटरसाइकिलों और प्रशासन की गाड़ियों को भी निशाना बनाया। कई बसों और ट्रकों में तोड़फोड़ किए जाने की भी जानकारी सामने आई। हालात इतने तनावपूर्ण हो गए कि आग बुझाने पहुंची पुलिस और दमकल टीम को भी मौके से पीछे हटना पड़ा। घटना की सूचना मिलने के बाद इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पटना सिटी के ASP राजकिशोर सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत के बाद भीड़ हिंसक हो गई और कई वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस की ओर से स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल इलाके में तनाव को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

उफान पर बागमती नदी, मुजफ्फरपुर के स्कूलों में घुसा बाढ़ का पानी, बच्चों की छुट्टी, जनजीवन अस्त-व्यस्त

मुजफ्फरपुर (एजेंसी)

उत्तर बिहार में बाढ़ लाने वाली प्रमुख नदियों में शामिल बागमती नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसका असर अब मुजफ्फरपुर जिले के कटरा प्रखंड क्षेत्र में भी दिखने लगा है। प्रखंड की बर्री और बासघट्टा पंचायत समेत कई गांव बाढ़ की चपेट में आने लगे हैं। कटरा प्रखंड के बर्री पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बाढ़ का पानी प्रवेश कर जाने से पठन-पाठन प्रभावित हो गया है। हालात ऐसे हैं कि सुरक्षा कारणों से बच्चों को स्कूल से वापस घर भेजना पड़ा।

स्कूल परिसर और कक्षाओं में दो से ढाई फीट तक पानी भर गया है। इसी तरह के हालात प्रखंड की करीब आधा दर्जन पंचायतों में बने हुए हैं। बाढ़ का पानी बढ़ने से ग्रामीणों में एक बार फिर बाढ़ का खतरा और दहशत का माहौल है। एहतियात के तौर पर सैकड़ों बच्चों को स्कूल से वापस भेज दिया गया, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। गौरतलब है कि मुजफ्फरपुर जिले के औराई, कटरा और गायघाट प्रखंड हर वर्ष बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में शामिल हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बाढ़ के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आवाजाही, खान-पान और आजीविका पर इसका सीधा असर पड़ता है। कई परिवार अपने घरों में ही फंसकर 'जल कैदी' बन जाते हैं, जिससे दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार की ओर से मिलने वाली राहत और सहायता समय पर नहीं मिलती। उनका कहना है कि जो मदद पहले मिलनी चाहिए, वह बाढ़ विकराल रूप लेने के बाद पहुंचती है। इधर, बागमती नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

T.T.

T T LIMITED

(CIN NO.-L18101DL1978PLC009241)
Regd. Office: 71/2C, 2nd Floor, Poddar House, Rama Road, Moti Nagar, New Delhi-110015
Website: www.ttlimited.co.in; Email: newdelhi@ttlimited.co.in; TEL: +91-11-45060708

HiFlyers Garments

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS
FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2026

(Rs. in Lakhs)

S. NO.	PARTICULARS	30.06.2026 UNAUDITED	31.03.2026 AUDITED	30.06.2025 UNAUDITED	31.03.2026 AUDITED
1	Total Income	4,644.44	5,772.27	4,826.59	19,400.14
2	Net Profit/(Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items)	25.90	105.55	44.66	350.59
3	Exceptional items	-	-	-	-
4	Net Profit/(Loss) for the period Before Tax (After Exceptional and/or Extraordinary Items)	25.90	105.55	44.66	350.59
5	Net Profit/(Loss) for the period After Tax (After Exceptional and/or Extraordinary Items)	65.62	68.70	42.72	29.09
6	Total Comprehensive Income for the period [(Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income(after tax)]	69.74	116.28	34.83	41.82
7	Equity Share Capital	2,583.11	2,583.11	2,249.81	2,583.11
8	Reserves as shown in the Audited Balance Sheet of Previous Year)	-		-	9,927.97
9	Earnings Per Equity Share Face Value (Rs)	1.00	1.00	1.00	1.00
	Basic (Rs)	0.03	0.03	0.02	0.01
	Diluted (Rs)	0.03	0.03	0.02	0.01

Notes:
1 The above is an extract of the detailed format of standalone Unaudited Financial Results for the quarter ended June 30, 2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the aforesaid quaterly Result is available on the website of BSE (www.bseindia.com), NSE (www.nseindia.com) and on the Company's website: www.ttlimited.co.in
2 The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective Meetings held on Aug 06, 2026. The Statutory Auditors have carried out a limited review of the results for the quarter ended June 30, 2026.

PLACE: NEW DELHI
Date : 06/08/2026

FOR T T LIMITED
Sd/-
SANJAY KUMAR JAIN
MANAGING DIRECTOR
(DIN: 01736303)